University in News on 08 March 2022

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5 & 6

लविवि : हॉस्टल में मारपीट मामले में तीन छात्र निलंबित

छात्रावास का आवंटन निरस्त, दोनों परिसर में प्रवेश वर्जित, सप्ताह के भीतर लिखित स्पष्टीकरण मांगा



माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विवि के लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास में शुक्रवार रात हुई दो छात्र गुटों की मारपीट के मामले में प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने सोमवार को बीकॉम ऑनर्स के पांचवें सेमेस्टर के तीन छात्रों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उन्हें छात्रावास खाली करने के आदेश दे दिए हैं। साथ ही विवि के दोनों परिसरों में प्रवेश पर करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। तीनों से एक सप्ताह के भीतर लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है।

मालूम हो कि शुक्रवार रात को एलबीएस छात्रावास में बर्थडे पार्टी के दौरान दो छात्र गुटों में जमकर मारपीट हुई थी। इस दौरान कुछ बाहर के लोगों ने भी आकर मारपीट की थी, जिसमें एमए के एक छात्र को गंभीर चोटें आई थीं। उसका सर फट गया था और पैर फ्रैक्चर हो गया था, जबकि तीन घायल हो गए थे। हसनगंज थाने में सूरज सिंह, सलमान, शिव वर्मा, अभय सिंह के अलावा तीन अज्ञात पर केस दर्ज किया गया था। मामले को लेकर लविवि ने भी सात सदस्यीय जांच कमेटी बनाई थी।

हॉस्टल के छात्रों का बनेगा व्हाट्सएप ग्रुप

कुलपति प्रो. आलोक राय ने हॉस्टल की व्यवस्था को लेकर चीफ प्रोवोस्ट, सभी प्रोवोस्ट और चीफ प्रॉक्टर की बैठक बुलाई। हॉस्टल की व्यवस्था को लेकर उन्होंने दिशा-निर्देश दिए। समय-समय पर छात्रों से वार्ता कर समस्याएं जानने के निर्देश दिए। हर हॉस्टल का अलग से व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाने का भी निर्देश दिया। हफ्ते में एक बार हॉस्टल के छात्रों से वार्ता करने के निर्देश दिए हैं। उन जगहों को चिह्नित करने निर्देश दिया है, जहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की जरूरत है।

चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि बीकॉम पांचवें सेमेस्टर के शिव कुमार व सलमान खान और बीकॉम ऑनर्स पांचवें सेमेस्टर के अभय कुमार सिंह को विवेचना की अवधि तक निलंबित कर छात्रावास का आवंटन भी निरस्त कर दिया गया है। विवेचना की अवधि तक लविवि के दोनों परिसरों में इनका प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा। तीनों से एक हफ्ते में स्पष्टीकरण मांगा है। पक्ष न रखने पर और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कैप्टन किरण डंगवाल डीजी एनसीसी अवार्ड से सम्मानित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 63 यूपी बटालियन एनसीसी की एएनओ कैप्टन किरण डंगवाल को प्रतिष्ठित महानिदेशालय एनसीसी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। ऑफिसर कमांडिंग कर्नल सुमीत पुरी व प्रशासनिक अधिकारी कर्नल पीपी किशोर ने सराहनीय प्रदर्शन, उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता के लिए उनको डीजीएनसीसी कमेंडेशन बैज, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से नवाजा। लगातार दूसरी बार वह सम्मानित हुई हैं। उन्होंने कैडटों को भारतीय सेना में अधिकारियों के रूप में चुने जाने में सहायता की है। (माई सिटी रिपोर्टर)

पार्ट टाइम पीएचडी के लिए 11 तक जमा करें फीस

लखनऊ। लखनऊ विवि ने बॉटनी, अंग्रेजी, हिंदी, सोशियोलॉजी और एरेबिक विषय में पार्ट टाइम पीएचडी कार्यक्रम में दाखिले की प्रक्रिया अब तेज कर दी है। सोमवार को इन विषयों की पार्ट टाइम पीएचडी के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई। डीन एडमिशन प्रो. वीके शर्मा ने बताया कि विवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर सूची प्रकाशित की गई है। चयनित अभ्यर्थी 11 मार्च तक वेबसाइट के जरिये ऑनलाइन फीस जमा कर दें। इसकी रसीद संबंधित विभाग में जमा करानी होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6

हॉस्टल मारपीट में तीन छात्र निलम्बित

एलयू प्रकरण

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास (एलबीएस) में चार मार्च की रात छात्र गुटों के बीच खूनी संघर्ष में बीकॉम पंचम सेमेस्टर के तीन छात्र निलम्बित कर दिए गए हैं। जांच समिति की सिफारिश पर चीफ प्रॉक्टर ने ये कार्रवाई की है। छात्रावास में पार्टी के बाद हुई मारपीट में कई छात्र घायल हुए थे। एक छात्र अमन तात्या गंभीर घायल हो गया। अमन के परिवार ने एक पूर्व छात्र समेत पांच छात्रों पर केस दर्ज कराया था।

सोमवार सुबह पुलिस ने जांच समिति को एफआईआर रिपोर्ट उपलब्ध करायी। इसका निरीक्षण कर जांच समिति ने मारपीट, विश्वविद्यालय की शांति भंग करने के आरोप में बीकॉम पांचवें सेमेस्टर के छात्र शिव वर्मा, सलमान खान, बीकॉम आनर्स पांचवे सेमेस्टर के अभय सिंह को निलम्बित कर छात्रावास का आवंटन भी निरस्त कर दिया है। दोनों परिसरों में इन तीनों छात्रों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। आरोपी छात्रों को एक सप्ताह में लिखित स्पष्टीकरण देना होगा, जिसके बाद आगे कार्रवाई होगी।

कैमरे लगाने के लिए जगह चिह्नित

मारपीट मामले की जांच समिति ने सोमवार छात्रावासों के साथ परिसर का भ्रमण कर उन जगहों को चिन्हित किया जहां-जहां सीसीटीवी लगने जरूरी है। छात्रावास के आसपास की मुख्य सड़कों के साथ परिसर में कई जगहों पर सीसीटीवी लगाने के लिए जगह निर्धारित कर लिए गए हैं।

फिर परीक्षा नहीं दे पांएगे आरोपी छात्र :निलम्बित छात्रों का नाम हसनगंज थाने में दर्ज एफआईआर में है। दो छात्र बीकॉम पांचवें और एक आनर्स का छात्र है। एलयू की बीकॉम पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं जारी हैं। ऐसे में निलम्बित छात्रों को परीक्षा में शामिल होना मुश्किल है। बीकॉम पांचवें सेमेस्टर की 9, 11 और 14 मार्च को परीक्षाएं हैं। चीफ प्रॉक्टरने कहा कि निलम्बित छात्रों को स्पष्टीकरण के लिए सात दिन दिया गया है।

समस्याओं का अवलोकन हो

लखनऊ। एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सोमवार को छात्रावास की समस्याओं के समाधान पर बात की। कुलपति ने डीएसडब्लू, चीफ प्रॉक्टर, चीफ प्रोवोस्ट व सभी प्रोवोस्ट के साथ बैठक कर कहा कि छात्रावास से सम्बंधित अधिकारी एवं प्रॉक्टर को नियमित रूप से छात्रावासों की समस्याओं का अवलोकन करना चाहिए। छात्रावास में क्या क्या समस्याएं हैं और कर्मचारियों की समस्याओं की सूची भी कुलपति ने मांगी। छात्रावास में जिन चीजों की कमी है उसकी सूची प्रोवोस्ट ने उपलब्ध करायी।

DAINIK JAGRAN PAGE 5

एलबीएस छात्रावास : दो गुटों में मारपीट के मामले में तीन छात्र निलंबित

सभी के खिलाफ पुलिस में पहले ही दर्ज हो चुकी थी एफआइआर

गेट नंबर आठ पर छात्रों के पहचान पत्र चेक करते अधिकारी • सौजन्य : लवि

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) छात्रावास में बीती चार मार्च को दो गुटों के बीच हुई मारपीट के मामले में सोमवार को तीन छात्रों को निलंबित कर दिया गया। इन सभी के खिलाफ पुलिस में पहले ही एफआइआर दर्ज हो चुकी थी। जांच पूरी होने तक आरोपित छात्रों के कैंपस में आने पर प्रतिबंध लगाते हुए हास्टल आवंटन भी निरस्त कर दिया गया है।

लवि के चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि मुख्य परिसर स्थित एलबीएस छात्रावास में मारपीट करने और विश्वविद्यालय की शांति-व्यवस्था प्रभावित करने के आरोप में तीन छात्रों को निलंबित किया गया। यह कार्रवाई थाना हसनगंज में दर्ज एफआइआर और जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। इनमें बीकाम पांचवें सेमेस्टर का छात्र शिव कुमार वर्मा, बीकाम पांचवें सेमेस्टर का छात्र सलमान खान और बीकाम आनर्स पांचवें सेमेस्टर के छात्र अभय कुमार सिंह का नाम शामिल है। इन तीनों को सभी छात्र सुविधाओं से वंचित कर दोनों परिसर में प्रवेश भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।

एक सप्ताह में देना होगा स्पष्टीकरण : निलंबित किए गए छात्रों को इस घटना के संदर्भ में एक सप्ताह के अंदर अपना लिखित स्पष्टीकरण मुख्य कुलानुशासक के कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा यह समझा जाएगा कि उन्हें अपने बचाव में कुछ नहीं कहना। उसके बाद उनके विरुद्ध अग्रिम अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

लगेंगे नए सीसी कैमरे : हास्टल में मारपीट की घटना के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने कई और जगहों को चिह्नित कर वहां भी सीसी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं। सुरक्षा गार्डों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी सूचना हो तो तत्काल प्राक्टर कार्यालय में दें।

रात में चला चेकिंग अभियान : लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रोक्टोरियल टीम ने सोमवार रात भी चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान विश्वविद्यालय के गेट नंबर आठ पर प्राक्टर टीम में शामिल डा. ओपी शुक्ला, डा. महेंद्र अग्निहोत्री, डा. अमरेंद्र और डा. आशीष ने हास्टल आने वाले छात्रों के पहचान पत्र चेक किए। उनसे देर से आने का कारण पूछा और सख्त हिदायत भी दी। साफ कहा कि 10 बजे के बाद किसी भी छात्र को बाहर जाने और आने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

हर हास्टल का बनेगा वाट्सएप ग्रुप

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सोमवार को चीफ प्रोवोस्ट, चीफ प्राक्टर, अधिष्ठाता छात्र कल्याण व सभी हास्टल के प्रोवोस्ट के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि चीफ प्रोवोस्ट को निर्देश दिए हैं कि वह सभी प्रोवोस्ट के साथ साप्ताहिक बैठक कर हास्टल की समीक्षा करें। प्रोवोस्ट भी हास्टल के विद्यार्थियों से रेगुलर मिलकर उनकी जो भी समस्याएं हैं, उन्हें निस्तारित करें। हर हास्टल का एक वाट्सएप ग्रुप बनेगा, जिससे संवाद हो सके। इसके अलावा प्रत्येक हास्टल का इवेंट कैलेंडर बनाया जाएगा।

पार्ट टाइम पीएचडी प्रवेश के नतीजे जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने पांच और विषयों में पार्ट टाइम पीएचडी के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची सोमवार को जारी की। इनमें बाटनी, अंग्रेजी, हिंदी, सोशियोलाजी और अरेबिक विषय शामिल हैं। डीन एडमिशन प्रो. वीके शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी मेरिट सूची वेबसाइट lkouniv.ac.in पर देख सकते हैं। फीस जमा करने के लिए 11 मार्च तक समय दिया गया है। (जासं)

कैप्टन किरण को मिला डीजी एनसीसी अवार्ड

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 63 यूपी बटालियन एनसीसी की एएनओ कैप्टन किरण लता डंगवाल को दूसरी बार वर्ष 2021 के लिए प्रतिष्ठित महानिदेशालय एनसीसी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। सोमवार को यह अवार्ड उन्हें 63 यूपी बीएन एनसीसी लवि के आफिसर कमांडिंग कर्नल सुमित पुरी व प्रशासनिक अधिकारी कर्नल पीपी किशोर ने सराहनीय प्रदर्शन और, उत्कृष्टता के लिए दिया। (जासं)

विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक

जासं, लखनऊ : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर लखनऊ विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण (स्टूडेंट लाउंज) के परिसर छात्र-छात्राओं नें सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान उन्होंने नुक्कड़ नाटक एवं अनेक गीतों से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने 'आशाओं से हौसला', 'मुझे क्या रोकेगा रुपइया', गाते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। प्रो. राकेश चंद्रा, प्रो. अमृतांशु शुक्ला, डा. रोली मिश्रा, डा. अलका मिश्रा, डा. ज्योत्सना सिंह तथा डा. केया पांडे ने भी छात्रों का उत्साह बढ़ाया।

i-NEXT PAGE 4

लखनऊ यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में मारपीट का मामला

चार हुए कैंपस बदर

i FOLLOW UP

4 छात्रों का तत्काल प्रभाव से यूनिवर्सिटी में प्रवेश प्रतिबंधित किया, हॉस्टल भी खाली कराया

CONCEPT PIC

जांच के लिए बनायी गई सात सदस्यीय जांच समिति की सिफारिश पर चीफ प्रॉक्टर ने मारपीट के मामले में पहली बड़ी कार्रवाई की है.

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (7 Mar): लखनऊ यूनिवर्सिटी के लाल बहादुर शास्त्री हास्टल एलबीएस में हुई मारपीट के मामले में बीकॉम पांचवे सेमेस्टर के चार छात्रों को निलम्बित कर दिया है. मामले की जांच के लिए बनायी गई सात सदस्यीय जांच समिति की सिफारिश पर चीफ प्रॉक्टर ने मारपीट के मामले में पहली बड़ी कार्रवाई की है.

दर्ज कराया गया था केस

हॉस्टल में हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल अमन के परिवार की ओर से एक पूर्व छात्र समेत पांच छात्रों पर मुकदमा दर्ज कराया गया था. सोमवार को सुबह पुलिस ने जांच समिति को एफआईआर रिपोर्ट उपलब्ध करायी. जिसका निरीक्षण करने के बाद जांच समिति ने मारपीट और यूनिवर्सिटी की शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में बीकॉम पांचवे सेमेस्टर की छात्र शिव कुमार वर्मा, सलमान खान, अभय कुमार सिंह, बीकॉम आनर्स पांचवे सेमेस्टर के छात्र निलम्बित करते हुए हास्टल आवंटन भी रद् कर दिया है.

सीसीटीवी के लिए निरीक्षण

हॉस्टल में हुई मारपीट के इस मामले के लिए बनी जांच समिति ने सोमवार को हॉस्टल के साथ ही यूनिवर्सिटी परिसर का भ्रमण किया और उन जगहों को चिन्हित किया जहां-जहां सीसीटीवी लगना आवश्यक है. जल्द ही इन जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे. यूनिवर्सिटी के दोनो परिसरों में इन चारों छात्रों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा.

परीक्षा नहीं दे पाएंगे आरोपी

मारपीट के मामले में निलम्बित चल रहे छात्रों का नाम हसनगंज थाने में दर्ज एफआईआर में है. पुलिस भी आरोपी छात्रों को ढूंढ रही है. निलम्बित चार छात्रों में तीन छात्र बीकॉम पांचवे एवं एक छात्र बीकॉम आनर्स का छात्र है. लखनऊ यूनिवर्सिटी की बीकॉम पांचवे सेमेस्टर के एग्जाम चल रहे है. ऐसे में निलम्बित हुए आरोपी छात्रों को परीक्षा में शामिल होने मुश्किल है. मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद ये छात्र फरार है. बीकॉम पांचवे सेमेस्टर की 9, 11 और 14 मार्च को परीक्षाएं है. चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने कहा कि निलम्बित छात्रों को स्पष्टीकरण के लिए सात दिन का समय दिया गया है.

लखनऊ यूनिवर्सिटी में अप्रैल से शुरू होंगे नए सेशन के एडमिशन!

CONCEPT PIC

होली के बाद एडमिशन कमेटी की बैठक में लिया जाएगा निर्णय

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (7 Mar): लखनऊ यूनिवर्सिटी में नए एकेडमिक सेशन 2022-23 में एडमिशन के लिए ...

नेशनल में भी अप्रैल से एडमिशन

23 मई से सम सेमेस्टर एग्जाम

जून में हो सकते हैं एंट्रेंस एग्जाम

PIONEER PAGE 3

नए सत्र में दाखिले को लेकर अप्रैल से शुरू होंगे एलयू में आवेदन

● **होली के बाद एडमिशन कमेटी की बैठक में लिया जाएगा निर्णय**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बीते दो सत्र से कोरोना की मार से उबर रहे आम जनजीवन को सामान्य होते देख लखनऊ विश्वविद्यालय नये सत्र में एडमिशन को लेकर प्रक्रिया अप्रैल से शुरू करने की तैयारी कर दी है। ऐसी संभावना है कि विवि अप्रैल के पहले सप्ताह से आवेदन की प्रक्रिया को शुरू कर सकता है। इसके लिए विवि स्तर पर होली बाद प्रवेश समिति की बैठक करने का प्रस्ताव है। कोरोना के कारण पहले से ही एकेडमिक सेशन काफी लेट चल रहे हैं। ऐसे में नए एकेडमिक सेशन को पटरी पर लाने के लिए एडमिशन की प्रक्रिया को अप्रैल में शुरू कर जून के अंतिम या फिर जुलाई के फर्स्ट वीक में एडमिशन की प्रक्रिया पूरा करने की तैयारी में विवि है। सूत्रों का कहना है कि अप्रैल व मई में आवेदन की प्रक्रिया चलेगी, इसके बाद जून के फर्स्ट वीक में एंट्रेंस एग्जाम कराया जा सकता हैं। जिससे जून अंतिम तक यूजी के सभी विषयों की एक या दो चरणों की काउंसलिंग की प्रक्रिया पूरी करा ली जाए।

नेशनल पीजी कॉलेज में भी अप्रैल से शुरू होंगे एडमिशन

नेशनल पीजी कालेज ने एकेडमिक सेशन 2022-23 के यूजी कोर्सेज में प्रवेश के लिए तैयारी शुरू कर दी है। यूजी फर्स्ट इयर में ऑनलाइन आवेदन की शुरुआत अप्रैल के चौथे सप्ताह से करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए शैक्षिक कैलेंडर को भी रिवाइज्ड किया जा रहा है। जल्द ही विस्तृत कार्यक्रम जारी किया जाएगा। नेशनल पीजी कालेज ऑटोनॉमश संस्थान है। यहां यूजी, पीजी व प्रोफेशनल कोर्सेज में करीब 1800 सीटों पर दाखिले लिए जाते हैं। कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस बार एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया अप्रैल के आखिरी सप्ताह से शुरू कराने की तैयारी है। अप्रैल से ही 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं भी शुरू हो जाएंगी।

प्राचार्य ने बताया कि शैक्षिक कैलेंड को नए सिरे से रिवाइज्ड किया जा रहा है। इसमें आवेदन प्रक्रिया, प्रवेश परीक्षा, काउंसलिंग, कक्षाओं की शुरुआत, ओरियंटेशन प्रोग्राम सहित काफी चीजें शामिल रहेंगी। इस बार सम सेमेस्टर दूसरे, चौथे, छठे की परीक्षाएं 23 मई से प्रस्तावित करने की तैयारी है।

हास्टल में मारपीट के आरोपी तीन छात्र निलंबित

लखनऊ। बीते दिनों लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर स्थित लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास में हुई मारपीट के मामले में विवि प्रशासन ने एफआईआर दर्ज कराते हुए घटना के तीन आरोपी छात्रों को निलंबित कर दिया है। निलंबित किये गये छात्रों में शिव कुमार वर्मा बीकॉम पंचम सेमेस्टर, सलमान खान बीकॉम पंचम सेमेस्टर और अभय कुमार सिंह बीकॉम ऑनर्स पंचम सेमेस्टर शामिल हैं। विवि प्रशासन के मुताबिक विवेचना की अवधि तक छात्रत्व से निलंबित कर उन्हें आवंटित कक्ष का आवंटन निरस्त कर छात्रत्व से संबंधित समस्त सुविधाओं से वंचित कर विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। उन्हें इस घटना के संदर्भ में एक सप्ताह के अंदर अपना लिखित स्पष्टीकरण मुख्य कुलानुशासक के कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करना होगा अन्यथा यह समझा जायेगा कि उन्हें अपने बचाव में कुछ नहीं कहना और तत्पश्चात उनके विरुद्ध अग्रिम अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ कर दी जाएगी।

कैप्टन किरण लता डंगवाल को दूसरी बार मिला डीजी एनसीसी अवार्ड

● **कैप्टन डंगवाल कैडेट्स के लिए मेंटर और रोल मॉडल हैं, वह कैडेटों के समग्र विकास और व्यक्तित्व विकास में गहरी रूचि लेती हैं**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के 63 यूपी बटालियन एनसीसी की एएनओ कैप्टन किरण लता डंगवाल को दूसरी बार वर्ष 2021 के लिए प्रतिष्ठित महानिदेशालय एनसीसी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। सोमवार को कैप्टन किरण लता डंगवाल को लखनऊ के 63 यूपी बीएन एनसीसी लखनऊ विश्वविद्यालय के ऑफिसर कमांडिंग कर्नल सुमीत पुरी व प्रशासनिक अधिकारी कर्नल पीपी किशोर द्वारा सराहनीय प्रदर्शन, उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें डीजीएनसीसी कमेंडेशन बैज, प्रमाण पत्र और नक़द पुरस्कार से नवाजा गया है। कैप्टन किरण लता डंगवाल कैडेट्स के लिए मेंटर और रोल मॉडल हैं। वह कैडेटों के समग्र विकास और व्यक्तित्व विकास में गहरी रूचि लेती हैं और उनकी प्रेरणा ने उनके कैडेटों को भारतीय सेना में अधिकारियों के रूप में चुने जाने में सहायता की है।

NBT PAGE 10

नेट क्वालिफाइड स्टूडेंट्स का सम्मान

■ **एनबीटी, लखनऊ** : एलयू के अप्लाइड इकॉनमिक्स डिपार्टमेंट ने सोमवार को दिसंबर 2020 और जून 2021 में यूजीसी-नेट/ जेआरएफ पास करने वाले स्टूडेंट्स को सम्मानित किया। इनमें एकता यादव, कल्याणी उपाध्याय, प्रसून मिश्रा प्रीति यादव, प्रगति सिंह,अपर्णा सिंह, संजना प्रकाश, सोनाली यादव, सोनाक्षी सिंह, अभिषेक सिंह और सोनाली जायसवाल शामिल हैं। इस मौके पर हेड प्रो. रचना मुजू, प्रो अर्चना सिंह, प्रो बिमल जायसवाल आदि मौजूद रहे।

THE PIONEER PAGE 3

AWARDED

Kiran Lata Dangwal, ANO of 63 UP BN NCC of Lucknow University, has been awarded the prestigious NCC Directorate General commendation card for the year 2021 for the second time. The felicitation ceremony was organised on Monday. Sumeet Puri and PP Kishore were also awarded for a commendable performance, excellence, commitment, and dedication towards NCC activities. Dangwal was awarded the DGNCC commendation badge, a certificate and a cash prize.

PROGRAMME

A colourful programme was organised by students Lucknow University's Student Lounge on the eve of International Women's Day on Monday. In the courtyard of the DSW (Student Lounge), the students of LU expressed their feelings through a street play and songs as part of the university's cultural group Sanskritiki. DSW Poonam Tandon encouraged the students and stressed on the need of gender sensitisation.

AMRIT VICHAR PAGE 3

लखनऊ विश्वविद्यालय के चार छात्र निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ

मारपीट का मामला

लखनऊ विश्वविद्यालय के लाल बहादुर शास्त्री हास्टल (एलबीएस) में हुई मारपीट के मामले में बीकॉम पांचवे सेमेस्टर के चार छात्रों को निलंबित कर दिया है। मामले की जांच के लिए बनायी गई सात सदस्यीय जांच समिति की सिफारिश पर चीफ प्रॉक्टर ने मारपीट के मामले में पहली बड़ी कार्रवाई की है। एलबीएस हॉस्टल में चार मार्च की रात दो गुटों में वर्चस्व को लेकर मुख्य द्वार बंद कर मारपीट हुई थी। इसमें कई छात्र घायल हुए थे और एक छात्र अमन तात्या गंभीर रूप से घायल हुआ था। अमन के परिवार की ओर से एक पूर्व छात्र समेत पांच छात्रों पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। सोमवार को सुबह पुलिस ने जांच समिति को एफआईआर रिपोर्ट उपलब्ध कराई, जिसका निरीक्षण करने के बाद जांच समिति ने मारपीट और विश्वविद्यालय की शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में बीकॉम पांचवे सेमेस्टर की छात्र शिव कुमार वर्मा, सलमान खान, अभय कुमार सिंह, बीकॉम आनर्स पांचवे सेमेस्टर के छात्र निलंबित करते हुए हास्टल आवंटन भी रद्द कर दिया है। विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में इन चारों छात्रों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय में नये सत्र से शुरू होंगे प्रवेश

अमृत विचार, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में नए एकेडमिक सेशन 2022-23 में एडमिशन के लिए आवेदन की प्रक्रिया अप्रैल के पहले सप्ताह शुरू होगी। विश्वविद्यालय की ओर से इस पर मंथन शुरू हो गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन हर हाल में अप्रैल में आवेदन फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू करना चाहता है, जिसे वह देश के दूसरे विश्वविद्यालय का सामना कर सकें।

नेशनल पीजी कॉलेज में भी अप्रैल से शुरू होंगे प्रवेश : नेशनल पीजी कॉलेज ने एकेडमिक सेशन 2022-23 के यूजी कोर्सेज में प्रवेश के लिए तैयारी शुरू कर दी है। स्नातक प्रथम वर्ष में ऑनलाइन आवेदन की शुरुआत अप्रैल के चौथे सप्ताह से करने की योजना है। इसके लिए शैक्षिक कैलेंडर में बदलाव किया जा रहा है। जल्द ही विस्तृत कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

जून में प्रवेश परीक्षा का प्रस्ताव

प्रवेश विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, एकेडमिक सेशन काफी देर से चल रहे हैं। ऐसे में नए एकेडमिक सेशन को पटरी पर लाने के लिए एडमिशन की प्रक्रिया को अप्रैल में शुरू कराया जाना जरूरी है। आवेदन प्रक्रिया अप्रैल से मई तक चलेगी। इसके बाद जून के प्रथम सप्ताह में प्रवेश परीक्षा कराई जा सकती है।

TOI PAGE 3

3 suspended after clash in LU hostel

Times News Network

Lucknow: Lucknow University has suspended three students who were allegedly involved in a clash between residents of Lal Bahadur Shastri boys' hostel and illegal occupants on Friday.

Three students were injured and one is in critical condition and admitted to KGMU.

The students, Abhay Kumar and Shiv Kumar Verma from BCom (Hons) and Salman Khan of BCom fifth semester, will not be allowed to enter LU campus. Their hostel allotment has also been cancelled for now.

"They have a week's time to reply to chief proctor Rakesh Dwivedi on show-cause notice issued to them. to ," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

HINDUSTAN TIMES PAGE 3

LU student sings, plays guitar while paragliding, eyes record

LUCKNOW: Divyansh Srivastava, 21, a third-semester MBA student of Lucknow University (LU), is eyeing a new record of being the youngest to sing and play guitar while paragliding.

Srivastava who accomplished this in Nainital, Uttarakhand, has submitted his claim to the Guinness Book of World Records. "The Guinness Book of World Records has asked me to come after 12 weeks," he added, stating that he was the youngest to the record.

Divyansh Srivastava

"I've completed six of the 50 items on my bucket list. I look forward to experiencing each one of them. These things may not earn me fame and money, but they give me immense pleasure," said Divyansh who hails from Sitapur. "I was browsing on the internet videos about paragliding and saw a video about India's first person to play guitar while paragliding. He was 24+ in age. I am the third and the youngest to sing and play guitar while paragliding," he shared.

FAARA NADEEM

TRUE TIMES PAGE 1, 3

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर स्टूडेंट लाउंज में छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

ट्रू टाइम्स संवाददाता

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण (स्टूडेंट लाउंज) के प्रांगण में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं नें सांस्कृति के सौजन्य से एक नुक्कड़ नाटक एवं अनेक गीतों से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। 'आशाओं से हौसला...', 'मुझे क्या रोकेगा रूपइया...', 'give me some sunshine.....' गाते हुए लगभग पचास से अधिक छात्रों को अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने उत्साहित किया। प्रो राकेश चंद्रा, प्रो अमृतांशु शुक्ला. डा रोली मिश्रा, डा अल्का मिश्रा, डा ज्योत्सना सिंह तथा डा किया पांडे ने भी छात्रों का उत्साह बढ़ाया। आठ मार्च महिलाओं के सशक्तिकरण एवम् उनके योगदान की स्वीकृति का उत्सव है और लखनऊ विश्वविद्यालय लगातार कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की प्रेरणा से लिंग संवेदनशीलता के कार्यक्रम करता रहा है। एचसीएल द्वारा हरदोई में आयोजित एक कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के gensen cell के तहत छात्र कल कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले हैं। प्रो पूनम टंडन नें सभी विद्यार्थियों को स्टूडेंट लाउंज में आकर सतत सहयोग के लिए निमंत्रित किया।

हॉस्टल में मारपीट के मामले में 4 निलंबित

ट्रू टाइम्स संवाददाता

लखनऊ यूनिवर्सिटी के लाल बहादुर शास्त्री हास्टल एलबीएस में हुई मारपीट के मामले में बीकॉम पांचवे सेमेस्टर के चार छात्रों को निलम्बित कर दिया है। मामले की जांच के लिए बनायी गई सात सदस्यीय जांच समिति की सिफारिश पर चीफ प्रॉक्टर ने मारपीट के मामले में पहली बड़ी कार्रवाई की है। अमन के परिवार की ओर से एक पूर्व छात्र समेत पांच छात्रों पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। सोमवार को सुबह पुलिस ने जांच समिति को एफआईआर रिपोर्ट उपलब्ध करायी। जिसका निरीक्षण करने के बाद जांच समिति ने मारपीट और यूनिवर्सिटी की शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में बीकॉम पांचवे सेमेस्टर की छात्र शिव कुमार वर्मा, सलमान खान, अभय कुमार सिंह, बीकॉम आनर्स पांचवे सेमेस्टर के छात्र निलम्बित करते हुए हास्टल आवंटन भी रद् कर दिया है। यूनिवर्सिटी के दोनो परिसरों में इन चारों छात्रों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

सीसीटीवी के लिए निरीक्षण : मारपीट मामले के लिए बनी जांच समिति ने सोमवार को हॉस्टल के साथ ही यूनिवर्सिटी परिसर का भ्रमण किया। और उन जगहों को चिन्हित किया जहां-जहां सीसीटीवी लगना आवश्यक है।

कैप्टन किरण लता डंगवाल को डीजीएनसीसी अवार्ड-2021 मिला

ट्रू टाइम्स संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के 63 यूपी बटालियन एनसीसी की एएनओ कैप्टन किरण लता डंगवाल को दूसरी बार वर्ष 2021 के लिए प्रतिष्ठित महानिदेशालय एनसीसी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। 07 मार्च 2022 को कैप्टन किरण लता डंगवाल को लखनऊ के 63 यूपी बीएन एनसीसी लखनऊ विश्वविद्यालय के ऑफिसर कमांडिंग कर्नल सुमीत पुरी व प्रशासनिक अधिकारी कर्नल पी. पी. किशोर द्वारा सराहनीय प्रदर्शन, उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें डीजीएनसीसी कमेंडेशन बैज, प्रमाण पत्र और नक़द पुरस्कार से नवाजा गया है। कैप्टन किरण लता डंगवाल कैडेट्स के लिए मेंटर और रोल मॉडल हैं। वह कैडेटों के समग्र विकास और व्यक्तित्व विकास में गहरी रूचि लेती हैं और उनकी प्रेरणा ने उनके कैडेटों को भारतीय सेना में अधिकारियों के रूप में चुने जाने में सहायता की है।

उन्होंने राष्ट्रीय और विश्वविद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय हित के विषयों पर कई सेमिनार/वेबिनार आयोजित किए हैं जिनमें समय-समय पर एनसीसी अधिकारियों, अकादमिक दिग्गजों और कैडेटों ने भाग लिया है। वह लखनऊ विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेटों के लिए नियमित रूप से विभिन्न सामाजिक सेवा गतिविधियों, विस्तार गतिविधियों का आयोजन करती रही हैं।

इससे पहले भी उन्हें एएनओ में सर्वश्रेष्ठ एनसीसी अधिकारी के रूप में सम्मानित किया जा चुका है।

उनके पुनश्चर्या संवर्ग के दौरान उन्हें अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, ग्वालियर में व्याख्यान आईपी, शिविर योजना और वॉलीबॉल में स्वर्ण पदक में उत्कृष्टता का प्रमाण पत्र दिया गया। एनसीसी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और योगदान सराहनीय है।